-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 31.10.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के नेतृत्व में पुलिस लाइन बांदा से महाराणा प्रताप चौराहे तक 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़) का आयोजन किया गया।**
- **तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय बांदा में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र का माल्यार्पण कर सभी पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं भाईचारे की दिलाई गई शपथ।**
- **इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र का माल्यापर्ण कर सभी पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं भाईचारे की दिलाई गई शपथ।**

विवरण- आज दिनांक 31.10.2026 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जनपद बांदा में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश के साथ 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। एकता दौड़ का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ सिंह द्वारा पुलिस लाइन बांदा से हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा दौड़ का नेतृत्व किया गया जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के माध्यम से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया तथा सभी को आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया गया। तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं भाईचारे की शपथ दिलाई गई। उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों द्वारा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा देश की एकता और समरसता के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री प्रतीज्ञा सिंह सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों व चौकियों में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र का माल्यार्पण कर सभी पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं भाईचारे की शपथ दिलाई गई।